UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

# अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान में शिक्षा का वर्तमान परिदृश्य |
| 2. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. माँ कात्यायनी देवी पशु मेला – 2026 (सायला, जालोर)<br>2. राजस्थान में माय FM के पाँच नए स्टेशन<br>3. श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ आश्रम (रजत जयंती समारोह)<br>4. "विजन 2047- माइनिंग एंड मिनरल्स पर्सपेक्टिव" – इंटरनेशनल सिम्पोजियम<br>5. कृषि विज्ञान मेला, जोधपुर – 2026<br>6. कृष्णा नागर - पैरालिम्पिक बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक<br>7. राजस्थान की दूसरी लॉयन सफारी – उदयपुर<br>8. चर्चा में ईडाणा माता मंदिर<br>9. कोठारी नदी के किनारे 320 करोड़ साल पुरानी चट्टान के अवशेष<br>10. ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कबड्डी पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप<br>11. ख्वाहिश शर्मा - एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में कांस्य पदक |
| 3. | बांध मरम्मत और सुधार परियोजना (DRIP) |
| 4. | ट्विन ट्यूब सड़क-सह-रेल सुरंग परियोजना |
| 5. | कमला जलविद्युत परियोजना |
| 6. | नवीकरणीय ऊर्जा: नीति आयोग |
| 7. | G4 समूह |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान में शिक्षा का वर्तमान परिदृश्य

### चर्चा में क्यों?

- **आर्थिक समीक्षा 2025-26 के अनुसार, प्रदेश में शिक्षा के परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन आया है, वहीं राजस्थान बजट - 2026-27 के प्रावधान गुणवत्तापूर्ण, रोजगारपरक एवं नवाचार आधारित शिक्षा के सशक्त एवं संतुलित विजन को रेखांकित करते हैं।**




### मुख्य बिन्दु:

**आर्थिक समीक्षा - 2025-26 के अनुसार :-**

**राजस्थान में सकल नामांकन अनुपात (प्रतिशत में)**

- **परिभाषा : स्कूली शिक्षा के किसी विशेष स्तर में कुल नामांकन, आयु की परवाह किए बिना, आधिकारिक आयु-समूह की जनसंख्या के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है जो किसी दिए गए स्कूल वर्ष में स्कूली शिक्षा के दिए गए स्तर के अनुरूप होता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| वर्ष | प्राथमिक (1–5) | उच्च प्राथमिक (6–8) | प्रारम्भिक (1–8) | माध्यमिक (9–10) | उच्च माध्यमिक (11–12) |
|---|---|---|---|---|---|
| **2023–24** | 95.1 | 90.9 | 93.6 | 80.2 | 62.0 |
| **2024–25** | 88.3 | 92.1 | 89.7 | 82.2 | 66.1 |

- **स्रोत : UDISE+ रिपोर्ट 2023–24 एवं 2024–25, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार।**

**राजस्थान में ड्रॉपआउट दर (प्रतिशत में)**

- **परिभाषा : किसी दिए गए स्कूल वर्ष में किसी दिए गए स्तर में नामांकित समूह के विद्यार्थियों का अनुपात, जो अगले स्कूल वर्ष में किसी भी कक्षा में नामांकित नहीं हैं।**

| वर्ष | प्राथमिक (कक्षा 1–5) | उच्च प्राथमिक (कक्षा 6–8) | माध्यमिक (कक्षा 9–10) |
|---|---|---|---|
| **2023–24** | 7.6 | 6.8 | 11.1 |
| **2024–25** | 3.6 | 3.6 | 7.7 |

- **स्रोत : UDISE+ रिपोर्ट 2023–24 एवं 2024–25, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार।**

**राजस्थान में छात्र-शिक्षक अनुपात (Student-Teacher Ratio - STR)**

- **परिभाषा : छात्र-शिक्षक अनुपात (STR) किसी दिए गए स्कूल वर्ष में प्रति शिक्षक छात्रों की औसत संख्या है।**

**राजस्थान में छात्र-शिक्षक अनुपात (छात्रों की संख्या/शिक्षक)**

| वर्ष | प्राथमिक (1–5) | उच्च प्राथमिक (6–8) | माध्यमिक (9–10) | उच्च माध्यमिक (11–12) |
|---|---|---|---|---|
| **2023–24** | 20 | 12 | 11 | 15 |
| **2024–25** | 18 | 12 | 11 | 15 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **स्रोत : UDISE+ रिपोर्ट 2023–24 एवं 2024–25, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार।**

### राजस्थान बजट - 2026-27 में शिक्षा संबंधी मुख्य प्रावधान :

- **घुमन्तू एवं अर्द्ध-घुमन्तू समुदाय; यथा-गाड़िया लोहार, बंजारा एवं मजदूर वर्ग के बच्चों के लिए 'RAJ PAHAL (पोर्टेबल एक्सेस फॉर होलिस्टिक एंड असिस्टेड लर्निंग)' तथा 'स्कूल ऑन व्हील्स' कार्यक्रम की शुरुआत।**
- **प्रत्येक जिले में व्यावसायिक शिक्षा के लिए 'स्कूल टू वर्क' कार्यक्रम।**
- **प्रदेश के 1000 विद्यालयों में AI आधारित पर्सनलाइज़्ड लर्निंग लैब्स की स्थापना।**
- **जयपुर और जोधपुर में विज्ञान एवं तकनीकी विषयों के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए स्पेस गैलरी।**
- **400 विद्यालयों को चरणबद्ध रूप से CM-RISE (राजस्थान इनोवेटिव स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) स्कूलों में क्रमोन्नत किया जाएगा।**
- **डीबीटी एवं ई-वाउचर : विद्यार्थियों के लिए टेबलेट/लैपटॉप, साइकिल और यूनिफॉर्म वितरण जैसी योजनाओं को समयबद्ध एवं अधिक पारदर्शी बनाने के लिए DBT (Direct Benefit Transfer) एवं ई-वाउचर की घोषणा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **माँ कात्यायनी देवी पशु मेला – 2026 (सायला, जालोर)**<br>■ हाल ही में, पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने जालोर जिले के सायला में 'माँ कात्यायनी देवी पशु मेला – 2026' का शुभारम्भ किया।<br>■ **आयोजक :** जालोर जिला प्रशासन एवं पशुपालन विभाग, राजस्थान।<br>■ **मेले का आयोजन :** 15 से 19 फरवरी, 2026 तक (शुभारंभ : फाल्गुन कृष्ण त्रयादेशी)। |
| 2. | **राजस्थान में माय FM के पाँच नए स्टेशन**<br>■ हाल ही में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर से माय एफएम के पाँच नवीन स्टेशनों का शुभारंभ किया।<br>■ **5 स्थान :** पाली, भीलवाड़ा, श्री गंगानगर, अलवर एवं सीकर। |
| 3. | **श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ आश्रम (रजत जयंती समारोह)**<br>■ वर्ष 2026 में श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ आश्रम द्वारा अपनी स्थापना का रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है।<br>■ श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ आश्रम तीर्थराज पुष्कर (अजमेर) में स्थित एक वैदिक शिक्षण संस्थान और आश्रम है।<br>■ इसकी स्थापना वर्ष 2001 में स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज की प्रेरणा से वैदिक विज्ञान और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए की गई थी। |
| 4. | **"विजन 2047- माइनिंग एंड मिनरल्स पर्सपेक्टिव" – इंटरनेशनल सिम्पोजियम**<br>■ हाल ही में, माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर द्वारा 'विजन 2047 - माइनिंग एंड मिनरल्स पर्सपेक्टिव' विषय पर आधारित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।<br>■ **आयोजन स्थल :** जयपुर। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 5. | **कृषि विज्ञान मेला, जोधपुर – 2026**<br>■ **आयोजन :** 14 फरवरी, 2026<br>■ **आयोजक :** कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में नाबार्ड, इफको व कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में।<br>■ **मेले की थीम :** "मरुधरा में विकसित कृषि : आत्मनिर्भर भारत"।<br>■ इस मेले में कृषि स्टार्टअप, आधुनिक कृषि उपकरणों का प्रदर्शन, विभिन्न फसलों का मूल्य संवर्धन कर आय वृद्धि करने के लिए तकनीकी जानकारी, बीज, उर्वरक व कीटनाशक उत्पाद प्रदर्शन, आयुर्वेदिक उत्पाद, कृषि मशीनरी सहित कृषि से संबद्ध अन्य सामग्री शामिल रही। |
| 6. | **कृष्णा नागर - पैरालंपिक बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में दो कांस्य पदक**<br>■ जयपुर निवासी पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी कृष्णा नागर ने मनामा (बहरीन) में आयोजित बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2026 में दो कांस्य पदक जीते।<br>■ **पुरुष एकल SH6 :** व्यक्तिगत श्रेणी में कृष्णा ने कांस्य पदक जीता।<br>■ **मिश्रित युगल SH6 :** नित्या श्री सुमति सिवन के साथ कांस्य पदक जीता। |
| 7. | **राजस्थान की दूसरी लॉयन सफारी – उदयपुर**<br>■ पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया द्वारा उदयपुर में प्रदेश की दूसरी लॉयन सफारी का शुभारंभ किया गया।<br>■ यह लॉयन सफारी उदयपुर के सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क (सज्जनगढ़ अभयारण्य की तलहटी) में स्थित है।<br>■ इस सफारी में एशियाई शेर 'सम्राट' और शेरनी 'सुनयना' को लाया गया है।<br>■ नोट : राजस्थान की पहली लॉयन सफारी जयपुर के नाहरगढ़ में स्थित है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 8. | **चर्चा में ईडाणा माता मंदिर** |
| | ▪ सलूम्बर जिले में स्थित ईडाणा माता मंदिर (मेवल की महारानी) में हाल ही में स्वतः अग्नि ज्वाला उत्पन्न हुई।<br>▪ ईडाणा माता मंदिर, जिसे "मेवल की महारानी" के नाम से भी जाना जाता है, सलूमबर जिले के बम्बोरा गाँव में स्थित एक प्रसिद्ध शक्तिपीठ है। यह मंदिर अपने चमत्कारी अग्नि स्नान के लिए पूरे भारत में विख्यात है, जहाँ माता की मूर्ति स्वतः ही अग्नि से स्नान करती है।<br>▪ इस अग्नि स्नान के दौरान माता पर चढ़ाई गई चुनरियां, श्रृंगार और अन्य सामग्री जलकर भस्म हो जाती है लेकिन माता की प्रतिमा और उनके आभूषण सुरक्षित रहते हैं। |
| 9. | **कोठारी नदी के किनारे 320 करोड़ साल पुरानी चट्टान के अवशेष** |
| | ▪ हाल ही में कोठारी नदी के किनारे लगभग 320 करोड़ साल पुरानी चट्टान के अवशेष मिले हैं। यह प्राचीन चट्टान चित्तौड़गढ़ जिले में कोठारी नदी के किनारे स्थित है।<br>▪ भू-वैज्ञानिकों के अनुसार, इन चट्टानों की आयु पृथ्वी की कुल आयु से मात्र 140 करोड़ वर्ष ही कम है, जो इन्हें उत्तर भारत की सबसे पुरानी चट्टानों में से एक बनाती है।<br>▪ IIT बॉम्बे के शोधकर्ताओं और भू-वैज्ञानिक डॉ. कमलकांत शर्मा की टीम ने इसके 'जिरकन' (Zircon) मिनरल के सैंपल लेकर चीन की ग्वांग्जू यूनिवर्सिटी की लैब में जाँच करवाई। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 10. | **ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कबड्डी पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप**<br>■ ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज (AICS) कबड्डी पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप - 2025-26 का आयोजन 9 से 14 फरवरी 2026 तक चंडीगढ़ में किया गया।<br>■ **आयोजक :** चंडीगढ़ प्रशासन के खेल विभाग द्वारा 'केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं खेल बोर्ड' (CCSCSB) के तत्वावधान में।<br>■ **राजस्थान का प्रदर्शन :** राजस्थान सिविल सर्विसेज की महिला कबड्डी टीम ने पंजाब को हराकर स्वर्ण पदक जीता। |
| 11. | **ख्वाहिश शर्मा - एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में कांस्य पदक**<br>■ हाल ही में, फतेहपुर शेखावाटी (सीकर) निवासी ख्वाहिश शर्मा ने नई दिल्ली स्थित करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में कांस्य पदक जीता।<br>■ इससे पहले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (2025) में भी ख्वाहिश शर्मा ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करते हुए 50 मीटर राइफल इवेंट में रजत पदक जीता था। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## बांध मरम्मत और सुधार परियोजना (DRIP)

### चर्चा में क्यों?

- अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन (ICDS 2026) का आयोजन भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु में बांध मरम्मत और सुधार परियोजना (DRIP) चरण-II और चरण-III के अंतर्गत किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

**बांध मरम्मत और सुधार परियोजना (DRIP)**

- **उद्देश्य:** भाग लेने वाले राज्यों में चयनित बाँधों की सुरक्षा बढ़ाना और भारत में बांध सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना।
- **कार्यान्वयन एजेंसी:** केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के माध्यम से केंद्रीय जल आयोग (CWC)।
- **वित्तपोषण प्रणाली (बाहरी संस्था: हितधारक):**
  - विशेष श्रेणी के राज्य: 80:20
  - सामान्य श्रेणी के राज्य: 70:30
- **योजनावधि:** वर्ष 2021 से 2031 (DRIP चरण-II और चरण-III)
  - DRIP चरण-I का कार्यान्वयन 2012 से 2021 के बीच किया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भूगोल एवं भू-विज्ञान

## ट्विन ट्यूब सड़क-सह-रेल सुरंग परियोजना

### चर्चा में क्यों?

- आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने देश की पहली अंडरवॉटर ट्विन ट्यूब सड़क-सह-रेल सुरंग परियोजना को मंजूरी दी है।
- **उद्देश्य:** पूर्वोत्तर भारत में अवसंरचना संपर्क बढ़ाना।

### मुख्य बिन्दु:

#### परियोजना के बारे में

- यह परियोजना असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे स्थित होगी और EPC मोड पर विकसित की जाएगी।
  - इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (EPC) मॉडल में सरकार ठेकेदार को परियोजना के डिजाइन, सामग्री की व्यवस्था और निर्माण की जिम्मेदारी सौंपती है।
- परियोजना की कुल लंबाई: 33.7 किमी।
- **मुख्य विशेषताएं:**
  - चार-लेन, एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी परियोजना।
  - ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे 15.79 किमी लंबी ट्विन ट्यूब सुरंग का निर्माण।
  - असम में NH-15 पर गोहपुर को NH-715 पर नुमालीगढ़ से जोड़ती है।

#### ब्रह्मपुत्र नदी

- यह तिब्बत में मापम झील के पास स्थित चेमायुंगडुंग ग्लेशियर से लगभग 5,300 मीटर की ऊंचाई से उत्पन्न होती है ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

■ तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो , अरुणाचल प्रदेश में सियांग/दिहांग और बांग्लादेश में जमुना के नाम से जाना जाता है ।




■ जिन देशों से होकर बहती है: चीन ( तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र ), भारत और बांग्लादेश।

यह जिन भारतीय राज्यों से होकर बहती है:

■ अरुणाचल प्रदेश

■ असम

■ इस जल निकासी बेसिन में नागालैंड, मेघालय, पश्चिम बंगाल और सिक्किम भी शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### ब्रह्मपुत्र नदी की प्रमुख विशेषताएं:

- **लंबाई –** लगभग 2,900 किमी
- **अत्यधिक जल प्रवाह:** यह विश्व के सबसे अधिक जल प्रवाह वाले नदी क्षेत्रों में से एक है, जो गंगा-ब्रह्मपुत्र जल प्रणाली में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है।
- **विश्व की सबसे गहरी घाटी:** यह यारलुंग त्सांगपो ग्रैंड कैन्यन से होकर गुजरती है , जो विश्व स्तर पर सबसे गहरी घाटियों में से एक है।
- **अत्यधिक गुंथी हुई नदी धारा:** असम में, भारी मात्रा में गाद और कम ढलान के कारण कई परिवर्तनशील नदी धाराएँ बनती हैं।
- **डेल्टा निर्माण:** बांग्लादेश में गंगा नदी में मिलकर दुनिया का सबसे बड़ा डेल्टा बनाती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कमला जलविद्युत परियोजना

## चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (EAC) ने अरुणाचल प्रदेश में कमला जलविद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी देने की सिफारिश की है।

## मुख्य बिन्दु:

### कमला जलविद्युत परियोजना

- यह एक बहुउद्देशीय परियोजना है। इसके दो मुख्य लक्ष्य हैं—विद्युत उत्पादन और बाढ़ नियंत्रण।
- परियोजना का प्रस्ताव राष्ट्रीय जलविद्युत शक्ति निगम लिमिटेड (NHPC) द्वारा दिया गया है।
- **अवस्थिति:** कमला नदी पर प्रस्तावित। यह परियोजना अरुणाचल प्रदेश के लोअर सुबनसिरी जिले में प्रस्तावित है।
  - कमला नदी, सुबनसिरी नदी की दाहिने तट की प्रमुख सहायक नदी है।
  - सुबनसिरी नदी आगे चलकर ब्रह्मपुत्र नदी में मिल जाती है।
- **कुल स्थापित क्षमता:** 1800 मेगावाट



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक घटनाक्रम

## नवीकरणीय ऊर्जा: नीति आयोग

### चर्चा में क्यों?

- नीति आयोग के अनुसार, 2070 तक भारत के बिजली ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा का प्रभुत्व रहेगा।
- नीति आयोग के अनुसार, भारत के बिजली मिश्रण में 2070 तक कोयले पर निर्भरता से नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भरता की ओर निर्णायक बदलाव आ सकता है।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मुख्य बिन्दु:

- भारत के विद्युत परिदृश्य की रीढ़ कोयला बना हुआ है, जो भरोसेमंद, कम लागत वाली आधारभूत बिजली प्रदान करता है।
- वर्तमान नीति परिदृश्य के तहत, बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी 2024-25 में लगभग 20% से बढ़कर 2070 तक 80% से अधिक हो सकती है।
- इसी परिदृश्य में, बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी 2070 तक तेजी से घटकर 6-10 प्रतिशत हो सकती है।
- कोयले की भूमिका कम होने के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा का धीरे-धीरे विस्तार होने की उम्मीद है, जिससे 2070 तक इसकी हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 3% से बढ़कर 5-8% हो जाएगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## G4 समूह

### चर्चा में क्यों?

- G4 समूह ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में व्यापक सुधार और इसके विस्तार की अपनी मांग दोहराई है।

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC)**



**स्थायी सदस्य, वीटो अधिकार (5)**
- चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका

**अस्थायी सदस्य (10), दो वर्षों का कार्यकाल**
- अफ्रीका (3)
- एशिया (2)
- लैटिन अमेरिका (2)
- पश्चिमी यूरोप व अन्य देश (2)
- पूर्वी यूरोप (1)

**प्रत्येक सदस्य के पास एक वोट होता है।**

यह संयुक्त राष्ट्र की एकमात्र संस्था है, जो ऐसे निर्णय ले सकती है, जिसे सभी सदस्य देशों को मानना अनिवार्य होता है।

### मुख्य बिन्दु:

#### G4 समूह

- **सदस्य देश:** भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान।
- **मुख्य मांग:** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी—दोनों श्रेणियों में सुधार और सदस्यता विस्तार करना।
- **उद्देश्य:** UNSC को अधिक प्रतिनिधि वाली, लोकतांत्रिक और वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना।
- **समर्थन:** अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया जैसे विकासशील क्षेत्रों को अधिक प्रतिनिधित्व देना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR